हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया
www.livehindustan.com
मंगलवार, 05 मार्च 2019, नगर/नोएडा, पांच प्रदेश, 21 संस्करण

डिजिटल पुस्तकालय की जानकारी दी

ग्रेटर नोएडा | संवाददाता

बिड़ला इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी बिमटेक से बीते शनिवार से वर्कशॉप ऑन व्हील्स शुरू की गई थी, जिसका समापन सोमवार को हुआ। इसका उद्देश्य पुस्तकालय प्रबंधन में नये डिज़िटल जानकारियों से अवगत कराना था। यह वर्कशॉप अत्याधुनिक और कंप्यूटर से लैस बस में शुरू हुई थी। इसमें आईआईएम व एनआईटी के 22 लोगों की टीम शामिल हुई थी।

समापन

- बीते शनिवार को वर्कशॉप ऑन व्हील्स शुरू की गई थी
- वर्कशॉप अत्याधुनिक और कंप्यूटर से लैस बस में शुरू हुई थी

बिमटेक के निदेशक डा. हरिवंश चतुर्वेदी ने बताया कि बिमटेक से बीते शनिवार को राजा राममोहन राय लाइबेरी फाउंडेशन मिनिस्ट्री ऑफ कल्चरल के सहयोग से यह कार्यशाला शुरू की गई थी। इस कार्यशाला के जरिए बताया गया कि पुस्तक संग्राहलय तक ही किताबों की दुनिया नहीं है, बल्कि डिजिटल लाइब्रेरी के माध्यम से किताबों को कभी भी कही भी देखा और पढ़ा जा सकता है।

उन्होंने बताया कि इसमें प्रयोग की जाने वाली बस में 21 कंप्यूटर लगे थे। यह बस वाईफाई से लैस थी। बस मथुरा आगरा होकर सोमवार को बिमटेक परिसर पहुंची। यहां पर कार्यशाला का समापन हो गया।

Scanned by CamScanner